






## खबर संक्षेप

### वीबी जी राम जी पर हुई भाजपा मंडल की बैठक



**चारामा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल हाराडुला में वीबी जी राम जी को लेकर बैठक हुई। आयोजित बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष हेमेंद्र बंटी ठाकुर, अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हेम मंडावी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश के कार्यकारी सदस्य परमानंद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष रघुनंदन साहू, मनोज जैन, बिरचंद कोर्राम, राकेश यादव, टीकम साहू, शिशुपाल कुरैती, मंडल महामंत्री महंत टांडिया, महिला शक्ति के रूप में मंडल उपाध्यक्ष सुशीला ताराम, टिकेश्वरी शोरी, राजेंद्र जैन, राम रति कुंजाम, भुवनेश्वर सिंन्हा सहित समस्त बूथ के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### जेंडर समानता को लेकर जन-जागरूकता अभियान



**दुर्गूकोंदल ।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत पेडावारी के प्रगति महिला क्लस्टर प्रशिक्षण पेडावारी में जेंडर समानता एवं सामाजिक सशक्तिकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में व्याप्त लैंगिक असमानताओं, घरेलू हिंसा एवं पुरुष-महिला के बीच मौजूद भेदभावपूर्ण सोच को सकारात्मक विचारों में परिवर्तित करना रहा। हर महिला को सशक्त रुप से तैयार करना हर महिला को सशक्त बनाना है।

### झाड़ी में मिला शव जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** थाना पखांजुर अंतर्गत बड़े कापसी के खेत की ओर झाड़ी में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। बड़ेकापसी निवासी 37 वर्षीय चंदन पोटाई पिता स्व. रामसिंग पोटाई ने पुलिस को बताया कि 22 जनवरी को अज्ञात व्यक्ति का शव गांव के झाड़ी में पड़ा हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### महेंद्रपुर में श्रद्धापूर्वक मनाई बसंत पंचमी

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय प्राथमिक शाला महेंद्रपुर में बसंत पंचमी का पर्व बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। प्राधनपाठक सुमित्रा कोठरे ने बच्चों को बसंत पंचमी के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दिन ज्ञान की प्राप्ति और अज्ञानता के अंधकार को दूर करने का प्रतीक है। बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा गया कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे वे अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर देवाराम कोठारे,रवीशंकर साहू, लीना नेताम आदि उपस्थित रहे।

### आमाकड़ा में आज से माता पहुंचानी कार्यक्रम

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत आमाकड़ा में पारंपरिक माता पहुंचानी का आयोजन 25 जनवरी से किया जाएगा। इस अवसर पर माता पीड़ितों की बारात निकाली जाएगी एवं शेष पेज 12 पर

# घरेलू विवाद पर कुल्हाड़ी मारकर की थी पत्नी हत्या, पति का आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला एवं सत्र न्यायालय कांकेर ने पत्नी की नृशंस हत्या करने वाले एक कलयुगी पति को कड़ी सजा सुनाई है। प्रधान सत्र न्यायाधीश संजीव टामक के न्यायालय ने आरोपी युगेश्वर जुर्री को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जानकारी के अनुसार यह हृदयविदारक घटना नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बीरनपुर की है। अभियोजन पक्ष के अनुसार आरोपी 29 वर्षीय युगेश्वर जुर्री ने अपनी पत्नी नीता जुर्री के साथ पिछले करीब तीन वर्षों से विवाद चल रहा था। विवाद का मुख्य कारण घर के कामकाज को लेकर होने वाली अनबन थी। इस मुद्दे को लेकर पूर्व में गांव में कई बार सामाजिक बैठकें भी बुलाई गई थीं, लेकिन आरोपी के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया। घटना 1 मई की सुबह करीब 7 बजे की है। उस दिन घर के कामकाज और कचरा फेंकने की बात को लेकर आरोपी युगेश्वर का अपनी पत्नी से फिर विवाद हुआ। गुस्से में पागल होकर आरोपी ने अपनी पत्नी से कहा, आज तुझे जान से मार डालूंगा और घर में रखी तेज धार वाली कुल्हाड़ी (टंगिया) से नीता जुर्री के गले के पिछले हिस्से पर जोरदार वार कर दिया। हमला इतना घातक था कि नीता जुर्री के गर्दन से भारी मात्रा में खून बहने लगा और वह मौके पर ही जमीन पर गिर पड़ी। आरोपी की मां बालेश्वरी जुर्री ने अपनी आंखों से यह खौफनाक मंजर देखा और शोर मचाया। गांव के सरपंच अर्जुन वट्टी और अन्य ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो नीता की मृत्यु हो चुकी थी।



## आरोपी की मां ने ही देखी थी बेटे की दरिंदगी

### न्यायालय का फैसला

*पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। मामले की पैरवी शासकीय अधिवक्ता ईश्वर लाल साहू द्वारा की गई। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने कुल 19 गवाहों के बयान और महत्वपूर्ण साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने पाया कि आरोपी ने जानबूझकर अपनी पत्नी की हत्या की है। अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने आरोपी युगेश्वर जुर्री को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।*

### अपराध : झूला झूलने के नाम पर हुआ विवाद, आरोपियों ने युवक को पीट फिर पत्थर बांधकर डेम में फेंका

# युवक को मारकर डेम में फेंका, पांचवें दिन मिली लाश, 8 आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड नरहरपुर के देवीनवागांव में मेला के दिन शुरू हुआ मामूली विवाद एक युवक की दर्दनाक मौत का कारण बन गया। झूला झूलने को लेकर दो गुटों में हुए झगड़े के बाद युवक को बेरहमी से पीटकर अधमरा किया गया और फिर उसके शरीर में पत्थर बांधकर गंगरेल डैम के डूबान क्षेत्र में फेंक दिया गया। मछुआरों व गोताखोर पहले दिन से लगातार शव को खोज रहे थे, अंततः पांचवे दिन 24 जनवरी को शव मिल पाया। पुलिस ने शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपते हुए हत्या का मामला दर्ज करते हुए आठ आरोपियों को दबोचा और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। आठ आरोपियों में 04 आरोपी नाबालिक है। जानकारी के मुताबिक, रविवार 18 जनवरी को देवीनवागांव के मेला में नरहरपुर क्षेत्र के बिरनपुर के युवकों का स्थानीय युवकों से विवाद हुआ था। विवाद के बाद बिरनपुर के युवक गांव लौटे और अपने साथी महरगंज शोरी को लेकर मामला सुलझाने दोबारा पहुंचे। इसी दौरान विवाद ने उग्र रूप ले लिया और युवकों ने महरगंज शोरी को पकड़कर बेरहमी से पिटाई की। इसके बाद उसे नाव में बैठाकर डैम के डुबान क्षेत्र में फेंक दिया गया। परिजनों ने 19 जनवरी को गुमसुदगी की रिपोर्ट हल्बा चौकी में दर्ज कराया। पुलिस ने घटना के तीसरे दिन 20 जनवरी को इस मामले में कई संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ किया था, उसी समय खुलासा हो गया था कि मारपीट करके शव को गंगरेल डैम में पत्थर बाँधकर फेंक दिया। पुलिस के लिए यह दिक्कत थी कि सबसे पहले शव को खोज निकालना था, उसके बाद आगे की कार्यवाही कर सकती थी। पुलिस ने विवाद में खुलकर सामने आने वाले नाम को संदिग्ध मानते हुए पूछताछ के लिए अपने पास रख लिया था और शव किधर फेंका, इसकी भी जानकारी लिया था। संदिग्धों के द्वारा दी गई जानकारी के तहत शव की खोज लगातार चल रही थी, वहीं परेशान परिजन इस मामले की शिकायत करने दो दिन पहले एसपी कार्यालय भी पहुंचे थे। परिजनों शेष पेज 12 पर

### खास बातें

- बिरनपुर के युवक की हत्या के आरोपियों में चार हैं अपचारी बालक
- मौके पर जगदलपुर एसडीआरएफ टीम, नगर सेना व जिला पुलिस बल डटी रही



### पाँच दिनों तक 20 से अधिक नाव लगी रही

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा स्वंय घटनास्थल पहुँचकर अधिकारियों को निर्देश दिया था, उसी के तहत एएसपी दिनेश सिन्हा, डीएसपी अविनाश ठाकुर, नरहरपुर थाना प्रभारी सोमेश बघेल, हल्बा चौकी प्रभारी कोमल भूषण पटेल, जगदलपुर की एसडीआरएफ टीम, नगर सेना के गोताखोर, बांगाबारी, कोसली, देवीनवागांव, धमतरी जिले के मुसकेरा गाँव के मछुआरे लगातार शव को पाँच दिनो से खोज रहे थे। प्रतिदिन शव को खोजने के लिए 20 से अधिक नाव पाँच दिनों तक डटी रही।

### पकड़ाए गए आरोपी, भेजे गए जेल

पुलिस ने विवाद की तस्दीक पहले ही कर चुके थे और संदिग्ध आरोपियों को पहले से ही अपने संरक्षण में ले लिया था। शव मिलने के बाद पुलिस ने 8 आरोपियों में से 04 आरोपी में दो आरोपी देवीनवागांव के बाप व बेटे दिनेश कुमार जुर्री उम्र 48 वर्ष और युवराज जुर्री पिता दिनेश जुर्री उम्र 21 वर्ष, टिवम नेताम पिता बिसंबर नेताम उम्र 20 वर्ष निवासी रानीगांव जिला धमतरी और तोषण कुमार नेताम पिता शंभूराम नेताम उम्र 23 वर्ष निवासी चिखली जिला धमतरी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया, वहीं 04 विधि से संघर्षरत बालक है, जिनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही किया गया।

## टैगोर अंग्रेजी स्कूल नवीन भवन के लिए विधायक ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के संकल्प के साथ रवीन्द्रनाथ टैगोर अंग्रेजी माध्यम स्कूल, नरहरपुर में नवीन भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के वार्षिक उत्सव का भी आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा, संस्कार और विकास के संगम की झलक देखने को मिली। आयोजित भूमिपूजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्य अतिथि आशाराम नेताम के द्वारा शिलापूजन कर किया गया। नवीन भवन के निर्माण से क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि एक सशक्त समाज के निर्माण के लिए स्कूल की इमारतें केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि भविष्य के गढ़ने के केंद्र होती हैं। शिक्षा, संस्कार और विकास, यही वह त्रिवेणी है जो एक सशक्त भविष्य की नींव रखती है। शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और उन्हें अनुशासित नागरिक बनाने पर केंद्रित होना चाहिए। भूमिपूजन के पश्चात विद्यालय के वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। लोक नृत्य, देशभक्ति गीत और सामाजिक संदेशों पर आधारित नाटकों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



## शराब पीने की सुविधा देने पर दो होटल संचलक गिरफ्तार

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने 22 जनवरी को छापामार कार्यवाही करते हुए होटल में शराब पीने की सुविधा देते हुए दो लोगो को पकड़ा और आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। होटल के अंदर शराब पीने वाले पुलिस को आता देख भागने में कामयाब हुए। साथ कोरर पुलिस ने महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नया बाजार पखांजुर के पास होटल में आरोपी पीव्ही 116 पखांजुर निवासी गोपाल डे पिता स्व. सुकेंद्र द्वारा लोगो को अवैध ढंग से शराब पीने की सुविधा दे रहा था। वही आरोपी नया बाजार पखांजुर निवासी मलिना दास पति समीन दास द्वारा अपने होटल में शरबियों को शराब पीने की सुविधा देते हुए पकड़ा गया। दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वही कोरर पुलिस ने धनेलीकन्हार में 23 जनवरी को छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी धनेलीकन्हार निवासी 55 वर्षीय कांति बाई जैन पति देवाराम के कब्जे से साढ़े 6 लीटर महुआ शराब कीमत 650 रूपएं को जप्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से सायकिल सवार हुआ घायल

**कांकेर।** कांकेर बाईपास रोड को क्रास करने के दौरान मनकेशरी चौक से अपने घर कि ओर जा रहें सायकल सवार को अज्ञात वाहन के टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल हो जिला अस्पताल ले जाने के बाद उपस्थित चिकित्सकों ने घायल को बाहर रेफर कर दिया। घटना कि शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे मनकेशरी निवासी 52 वर्षीय संतु राम पटेल पिता स्व. नारद राम पटेल ने पुलिस को बताया कि मेरे चार भाई है, जिसमे पवन कुमार पटेल मेरा तीसरा नंबर का भाई है। वह 22 जनवरी को अपने नाती विवेक पटेल के साथ मनकेशरी क्रेशर चौक से अपने घर की ओर सायकल से आ रहा था। शाम करीबन 7 बजे कांकेर बाईपास रोड को क्रास कर रहे थे, उसी समय माकड़ी कि ओर से आ रही अज्ञात वाहन का चालक अपने वाहन को तेज लापरवाही एंव उतावलेपन से चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे भाई पवन कुमार पटेल को सिर,पैर शरीर के अन्य हिस्से मे चोट आया था और नाती विवेक पटेल को दोनो हाथ ,पैर ,सिर ठुडी में चोट आया। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किए। अधिक चोट लगने के कारण पवन कुमार पटेल को धमतरी में रिफर किया गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## ट्रक की ठोकर से बाइक सवार घायल, चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भानुप्रतापपुर के रेलवे ओवरब्रिज के पास शुक्रवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ट्रक के चालक ने लापरवाही ढंग से चलाते हुए मोटर सायकल को चपेट में लिया, जिसमें मोटर सायकल में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों घायलों को तत्काल शासकीय अस्पताल भानुप्रतापपुर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे बोगर कोटपारा निवासी रंजित मंडावी पुलिस को बताया कि 23 जनवरी को शाम करीबन 5 बजे उनके चाचा का बेटा सतीश मंडावी अपने दोस्त पिलेश कुमेटी के साथ मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएम 4586 से भानुप्रतापपुर जाने के लिए घर से निकले थे। रात करीब 8 बजे मोबाइल फोन के माध्यम से जानकारी मिली कि भानुप्रतापपुर से संबलपुर जाने वाली मुख्य सड़क पर स्थित रेलवे ओवरब्रिज के पास एक्सीडेंट हो गया है। मैं शासकीय अस्पताल में जाकर घायलों से मुलाकात किया। सतीश मंडावी ने बताया कि वे दोनों भानुप्रतापपुर से अपने घर बोगर लौट रहे थे। शाम करीबन साढ़े 7 बजे रेलवे ओवरब्रिज के पास मुख्य सड़क पर ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलआर 3100 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बिना किसी संकेत के अचानक मोड़ लिया। अचानक मोड़ के कारण सामने से आ रही मोटर साइकल ट्रक से टकरा गई, जिससे दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। हादसे में सतीश मंडावी को बाएं पैर की जांघ, माथे और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि पिलेश कुमेटी के दाहिने हाथ की कोहनी, दाहिने कंधे, दाहिने पैर और बाएं पैर में चोटें दर्ज की गई हैं। इसके अलावा मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायत पर पुलिस ने ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलआर 3100 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 125 (बी), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### एक की हालत गंभीर, कई घायल, दोनों पक्षों ने लिखाई रिपोर्ट

# पटाखों की चिंगारी से भड़की हिंसा, शादी की खुशियां में तनाव गहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थाना क्षेत्र के ग्राम पीव्ही 25 रामकृष्णपुर में शादी समारोह के दौरान पटाखा फोड़ने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए, वहीं एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर उसे सिविल अस्पताल पखांजुर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पीव्ही 25 रामकृष्णपुर निवासी 28 वर्षीय सुबोजित गोलदार ने पखांजुर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 22 जनवरी को गांव में प्रदीप हालदार की बेटी का विवाह कार्यक्रम चल रहा था। दोपहर करीब 3:30 बजे कुछ लोग उनके घर के सामने बम पटाखा जला रहे थे और इधर-उधर फेंक रहे थे। इसी दौरान एक पटाखा उनकी दुकान के पास फट गया। पटाखा फोड़ने से मना करने पर प्रशांत हालदार, प्रसंजीत हालदार और देवांगन हालदार ने कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे समीरन गोलदार, जयदेव ढाली और अनिता सरकार के साथ भी मारपीट की गई। इस दौरान जयदेव ढाली को डंडे से चोट लगने की बात सामने आई है। सुबोजित गोलदार को होंठ, गर्दन और पीठ में दर्द की शिकायत है।

दूसरे पक्ष की ओर से 46 वर्षीय साधना हालदार, पति प्रदीप हालदार ने 23 जनवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री शेष पेज 12 पर



### पुलिस ने दर्ज किया मामला

पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। मामले की विवेचना जारी है और घटना में शामिल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। शादी की खुशियों के बीच उपजे इस विवाद ने पूरे गांव में तनाव का माहौल बना दिया है।

## खबर संक्षेप



### बाल यौन शोषण व पोक्सो कानून पर किया जागरूक

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत तरहुल में बालिका दिवस के अवसर पर जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल यौन शोषण, जेंडर समानता तथा पोक्सो कानून 2012 के प्रति समाज, विशेषकर युवा पीढ़ी को जागरूक करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनिंग एसोसिएट पूर्णिमा मंडल शर्मा द्वारा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बताया कि बच्चों के साथ किया जाने वाला शारीरिक, मानसिक, यौनिक, भावनात्मक एवं डिजिटल स्तर का दुर्व्यवहार बाल शोषण की श्रेणी में आता है। युवाओं को यह संदेश दिया गया कि वे न केवल स्वयं जागरूक रहें, बल्कि अपने आसपास के बच्चों की सुरक्षा के लिए भी सजग भूमिका निभाएं।

### सायबर फ्राड अपराध से लोगों को किया सावधान



**चारामा।** बैंक ऑफ बड़ौदा चारामा शाखा द्वारा खाताधारकों को अहम जनकारी दिया गया। कार्यक्रम 23 जनवरी को हुआ जिसमें शिक्षक, निवृत शिक्षक, व्यापारी और अन्य ग्राहक ने भाग लिया। इस आयोजन में बैंक से संबंधित अनेक योजनाओ का विस्तार से ग्राहकों को बताया गया। ग्राहकों को बैंक में खाता खोलने, स्वास्थ्य बीमा व जीवन बीमा कराने और नौकरी पेशा वाले ग्राहकों को सैलरी पैकेज के अंतर्गत सैलरी खाता खोलने के लिए और सभी लोन प्रोडक्ट के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा वर्तमान में बढ़ते डिजिटल धोखाधरी से बचने के लिए लोगों को अनेक जानकारी दी गई, जिससे इस घटना को रोका जा सके। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पेंशनर कल्याण संघ के अध्यक्ष कन्हैया सिंह ठाकुर और संघ के नेता जवाहर सिंह ठाकुर, शेखु नागराज, शिव प्रसाद नेताम, उत्तम बघेल उपस्थित रहें।

### चिंगनार में लगा स्वास्थ्य शिविर, गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**फरसगांव -** कोंडागांव कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोंडागांव के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शनिवार को फरसगांव ब्लाक के सुदूर अंचल ग्राम चिंगनार में गर्भवती माताओ के लिये लिये स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर का आयोजन किया गया ।

पेज 11 के शेष...

### युवक को मारकर...

का साहस खत्म होते जा रहा था और गांव का आक्रोश बढ़ता जा रहा था। अंततः पाँचवे दिन शव मिल जाने से गांव में बढ़ रहा आक्रोश थम गया।

### आमाकड़ा में आज...

विधि-विधान से शांति पूजा संपन्न की जाएगी। आयोजन को लेकर ग्राम में उत्साह और धार्मिक वातावरण बना हुआ है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ग्राम गायता हरीश नेताम एवं भूतपूर्व सरपंच रामरतन नेताम ने बताया कि माता पहुंचानी का आयोजन ग्राम की सुख-शांति, समृद्धि एवं रोग-व्याधि से मुक्ति की कामना के साथ किया जाता है।

### पटाखों की चिंगारी...

प्रियंका हालदार की शादी के अवसर पर मेहमान हल्दी का पानी लाने तालाब जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पटाखा फूटने के बाद ध्रुब गोलदार, समीरन गोलदार, संजीत गोलदार और सुबोजित गोलदार ने विवाद करते हुए गाली-गलौज और मारपीट की। इस मारपीट में हिरेन हालदार, धीरेन हालदार, संध्या हालदार, बेबी बिस्वास, उमा हालदार, रमा हालदार और खुकुमनी मंडल को चोटें आईं। गंभीर रूप से घायल हिरेन हालदार को सिर में चोट आने पर सिविल अस्पताल पखांजुर में भर्ती कराया गया है।

## विरोध : सरकार की गलत नीतियों के कारण ग्रामीणों में रोजगार का संकट बढ़ा

# मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम में पहुंचीं विधायक, केंद्र की नीतियों का किया विरोध






हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर/दुर्गूकोंदल

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर के तत्वावधान में 24 जनवरी को केवटी मंडल ग्राम आसूलखार एवं भानुप्रतापपुर मंडल ग्राम चौगेल में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने केंद्र की मोदी सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की गलत नीतियों के कारण ग्रामीणों को रोजगार मिलने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना से गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों को सीधा लाभ मिलता है, लेकिन बजट में कटौती और भुगतान में देरी से यह योजना अपने उद्देश्य से भटकती जा रही है। भानुप्रतापपुर मनरेगा योजना प्रभारी गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, वीरेंद्र ठाकुर, मनीष योगी, पुरुषोत्तम कुंजाम व अन्य पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि मनरेगा के माध्यम से गांवों में विकास कार्यों के साथ-साथ रोजगार सृजन होता है, जिसे जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है।

कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं नमन जैन, मिंदी सोनवानी, अमर कचलाम, अर्जुन कोरेटी, गोपाल राठी, संजू नेताम, अनुराग शर्मा ने एकजुट होकर मनरेगा को मजबूत करने और केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया।

### दुर्गूकोदल की कांग्रेस पदयात्रा को मजदूर किसानों का समर्थन

**दुर्गुकोंदल।** मनरेगा योजना को बचाने और केंद्र की भाजपा सरकार के कथित जनविरोधी फैसलों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा शनिवार को तुमरीटोला तक एक लंबी पदयात्रा निकाली गई, जिसमें किसान, मजदूर, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम नागरिक शामिल हुए। पदयात्रा का नेतृत्व भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी एवं दुर्गुकोंदल मनरेगा योजना प्रभारी हेमंत ध्रुव ने किया। पदयात्रा के दौरान दुर्गुकोंदल में सभा का आयोजन किया। विधायक ने कहा कि देश की सरकार किसान और मजदूर के हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण भारत के गरीब, मजदूर और किसान परिवारों के लिए जीवनरेखा है। यदि इस योजना को बंद या कमजोर किया गया तो करोड़ों परिवारों की आजीविका पर सीधा संकट खड़ा हो जाएगा। विधायक ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार है। पदयात्रा में जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, हुमन मरकाम, सविता उईके, महतम दुग्गा, गन्नूराम सिंहा, सियाराम पोटाई, सुखचंद प्रजापति, खामेश नरेटी, नंदलाल कुलदीप, गेंदालाल नरेटी, अशोक कुमार शोरी, गोकुल गावड़े, मथुरा प्रसाद नरेटी सहित क्षेत्र के मजदूर, किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धान खरीदी केंद्र में जगह नहीं किसानों को हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कापसी

जिला सहकारी बैंक शाखा बांदे के अंतर्गत आने वाले लैम्पस कोरेनार के धान उपार्जन केंद्र इरपनार में भारी मात्रा में धान जाम होने से खरीदी व्यवस्था चरमरा गई है। अब तक खरीदे गए धान में से परिवहन नहीं हो पाने के कारण लगभग 18 हजार क्विंटल धान केंद्र में जमा पड़ा हुआ है। मिली जानकारी अनुसार इस वर्ष केंद्र में अब तक लगभग 45 हजार से अधिक कट्टा धान की खरीदी की जा चुकी है, लेकिन अभी तक एक भी बोरी का परिवहन नही हो पाया है। जाम धान के कारण अब खरीदी के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची है, जिससे किसानों को धान बेचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अभी अवकाश के दिनों को छोड़कर लगभग पांच दिन खरीदी के शेष हैं, जबकि करीब दो हजार क्विंटल धान की खरीदी अभी बाकी है। धान उपार्जन केंद्र में जगह कि कमी के चलते धान को खुले या असुरक्षित स्थानों पर रखने की नौबत आ गई है। असामयिक बारिश होने पर धान खराब होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं,परिवहन में देरी के कारण धान में सूखती आने की भी संभावना है, जिसका आर्थिक नुकसान अंततः केंद्र प्रभारी और सोसायटी को उठाना पड़ता है।

केंद्र प्रभारी राज सैयाल ने बताया धान का उठाव नही होने से खरीदी केंद्र में धान रखने की जगह नही है। केंद्र के पीछे जंगल होने की वजह से जंगली सुवर के द्वारा स्टैग में लगे धान को लगातार खाते हुए नुकसान किया जा रहा है। जिसकी जानकारी लैम्पस प्रबंधक को दी गई है। लेकिन अधिकारी को इस ओर कोई ध्यान नही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि इरपनार सरपंच सुरेश नरेटी ने किसानों की परेशानी को गंभीर बताते हुए प्राथमिकता के आधार पर धान उठाव कराने की मांग की है, ताकि खरीदी व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रह सके। शासन प्रशासन से धान खरीदी की तिथि बढ़ाने और बचे किसानों के पंजीयन को सुधार की मांग की है। क्षेत्र के किसानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस वर्ष पटवारी की लापरवाही के चलते कई किसानों का धान पंजीयन नही हो सका जिसके चलते क्षेत्र के लगभग दर्जनों किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित रह गया।

## 75 एकड़ की चना फसल का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड कांकेर के ग्राम मरकाटोला में संयुक्त संचालक कृषि बस्तर संभाग नरसिंह ध्रुव एवं उपसंचालक कृषि कांकेर जितेंद्र कोमरा के द्वारा 75 एकड़ चना फसल का अवलोकन किया गया। अवलोकन के दौरान नरसिंह ध्रुव ने कृषकों से कृषि विभाग द्वारा मिल रहे सहयोग एवं योजनाओं के बारे में पूछा गया।

कृषकों द्वारा उत्साहित होकर इस नए नवाचार ग्रीष्मकालीन धान के बदले चना फसल लेने के अनुभव उसके फायदे को साझा किया। धान फसल बार-बार लेने से होने वाले नुकसान को अपनी जुबानी बताया एवं साथ ही कृष्ण के चिन्नी लाल, कमोद हिरवानी द्वारा चना फसल पर ड्रोन से दवाई स्प्रे के फायदे को बताया गया। किसानों का उत्साह वर्धन किया एवं पूरा खेत का निरीक्षण कृषकों के साथ किया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी देवेंद्र कुमार साहू ने बताया कि कृषको द्वारा उत्पादित चना को बेचने कही भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। समस्त कृषक का बिक्री के लिए बीज निगम कांकेर में पंजीयन कराया गया है, जिसमें समस्त किसानों का चना बीज निगम में अधिकतम रेट पर बिक्री किया जाएगा। इस अवसर पर कृषि विस्तार अधिकारी संदीप जैन, एटीएम बालवीर साहू, कृषक मित्र देवेंद्र साहू एवं चना उत्पादन करने वाले कृषक उपस्थित रहे।



## वीबी जी राम जी कानून पर भाजपा मंडल की कार्यशाला

**कोरर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंडल कोरर में शनिवार को दोपहर 2 बजे रेस्ट हाउस कोरर में नए रोजगार गारंटी कानून बीवी जी राम जी पर मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता के द्वारा विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत 125 दिन की रोजगार की गारंटी ग्रामीणों को समय में भुगतान सहित अन्य विषयों पर के बारे में बताया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में बीवी जी राम जी के मंडल प्रभारी पीलम नरेटी, अतिथि के रूप में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हेमेंद्र बंटी ठाकुर, कार्यक्रम के अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप के द्वारा किया गया। इस दौरान जय शिवना, नरेंद्र शर्मा, जमना तारम झाड़ू राम, चाऊथ उईके, संतोषी ठाकुर, थान सिंह साहू, भारती कोर्राम, दशरथ यादव, रोहित साहू, उत्तम सिन्हा, योगेश कोमरा, कुलेश्वर नेताम, अग्रहित साहू, ध्रुव कुमार साहू, लोकेश साहू, ईश्वर यादव, नरेश कुमार, भागीरथी जुर्री, गुलशन परिहार, धनंजय साहू, उमेंद्र कुमार गावड़े, पुनेश चक्रधारी, दिनेश नायक, उदय जैन, आत्मा बेसरा, मिथिलेश्वरी शोरी, हेतराम साहू, दानीराम साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत ग्रापं जोबा में 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्रारंभ



**कोण्डागांव।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के अंतर्गत ग्राम पंचायत जोबा में 30 दिवसीय निःशुल्क राजमिस्त्री मेसन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, जगदलपुर द्वारा जिला कोंडागांव के विकासखंड कोंडागांव में आयोजित किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार प्रारंभ इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मनरेगा श्रमिकों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के कौशल का उन्नयन कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। जिला पंचायत कोंडागांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने बताया कि प्रशिक्षण उपरांत हितग्राही न केवल अपने आवास का निर्माण स्वयं कर सकेंगे, बल्कि बाजार की मांग के अनुरूप कुशल राजमिस्त्री बनकर बेहतर आय अर्जित कर सकेंगे।

■ ग्रामीण कौशल विकास को मिलेगा नया आयाम

**प्रशिक्षण गुणवत्ता और उपस्थिति पर विशेष जोर :** सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने तथा प्रशिक्षणार्थियों की शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन आवास हितग्राहियों को शामिल किया गया है, जिन्होंने मनरेगा के अंतर्गत 60 दिवस का कार्य पूर्ण कर लिया है। आरसेटी के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को नींव निर्माण, दीवार जुड़ाई, प्लास्टर कार्य सहित अन्य आधुनिक निर्माण तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**प्रमाण–पत्र के साथ होगा प्रशिक्षण का समापन :** 30 दिनों के इस सघन प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को शासन द्वारा प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत ग्राम पंचायत जोबा सहित आसपास के क्षेत्रें में ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

## नन्हे बच्चों ने मां सरस्वती की आराधना कर मांगा विद्या का आशीर्वाद

**कोण्डागांव।** सरगीपाल पारा स्थित प्राथमिक शाला सरगीपाल, कोंडागांव में सरस्वती पूजन दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा–अर्चना की गई, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के शिक्षकों शीतल गौतम, योगेश्वरी देवांगन एवं टिकेश्वर ध्रुव के मार्गदर्शन में किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को सरस्वती माता के महत्व, शिक्षा के मूल्य और अनुशासन का संदेश दिया।

पूजन कार्यक्रम में छात्र–छात्राएं श्रुति सलाम, रहनुमा सिद्दकी, जोया खान, प्रिंसी बघेल, निधि बघेल, सिद्धी कोर्राम एवं रूली नेताम सहित अन्य बच्चों ने पुष्प अर्पित कर मां सरस्वती से विद्या, बुद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे विद्यालय परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। बच्चों के चेहरों पर उल्लास और श्रद्धा की झलक देखने को मिली।

## नेताजी का जीवन साहस और बलिदान का प्रतीक : प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।



शासकीय गुंडाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में वंदे मातरम्‌ की 150वीं जयंती एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम्‌ के सामूहिक एवं भावपूर्ण गायन से हुई, जिससे पूरा परिसर राष्ट्रभक्ति से गूंज उठा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने नेताजी के पराक्रम, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी का नारा तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा आज भी युवाओं को कर्तव्य, त्याग और देशसेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नेताजी के आदर्शोंर् को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

**वंदे मातरम्‌ के ऐतिहासिक महत्व पर डाला गया प्रकाश :** कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष शशिभूषण कन्नौजे ने किया। उन्होंने वंदे मातरम्‌ की रचना, उसके स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान और नेताजी के क्रांतिकारी नेतृत्व पर संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किया।

**महाविद्यालय परिवार की रही गरिमामयी सहभागिता :** इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, तकनीकी कर्मचारी एवं कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय चेतना और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थितजनों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों पर चलने और देश सेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया।

## मनरेगा बचाव संग्रामः कांग्रेस ने बाड़ागांव से शुरू किया जनसंपर्क अभियान

# कांग्रेस अंतिम गांव और व्यक्ति तक संघर्षरत : कमलेश

**विश्रामपुरी।** केंद्र में बैठी भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा कानून में किया जा रहे बदलाव को लेकर कांग्रेस आक्रामक नजर आ रही है। पिछले दिनों विश्रामपुरी के बस स्टैंड में राज्यसभा सांसद श्रीमती फूलों देवी नेताम की उपस्थिति में प्रेसवार्ता व एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया था।

वही अब कांग्रेस पार्टी जनसंपर्क के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंच कर किसान मजदूर ग्रामीण से रूबरू होकर आंदोलन के बारे में विस्तार से बता रहे हैं, इसी क्रम में मंगलवार को बड़ेराजपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कमलेश ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बड़ागांव से पदयात्रा करते हुए विश्रामपुरी तक पहुंचकर जन-जन तक राहुल गांधी, मल्लिकाजुर्न खड़गे के संदेश कों पहुंचाया।




इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश ठाकुर ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा जनता के हितों को नजरअंदाज करते हुए कांग्रेस की यूपीए सरकार के दौरान मजदूरों के हित में बनाए गए मनरेगा कानून को खत्म करने जा रही है। कांग्रेस पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है। इसलिए हम गांव-गांव तक पहुंच कर केंद्र सरकार के जन विरोधी सोच को जनता तक पहुंचा रहे हैं। साप्ताहिक बाजार में जनता को पाम्पलेट बांट कर मनरेगा बंद होने से मजदूरों को होने जा रहे नुकसान के बारे में भी बता रहे हैं। कांग्रेस सरकार के समय मनरेगा कानून के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सम्मानजनक रोजगार दिया गया, जिससे उनके परिवार का भरण पोषण संभव हुआ। आज केंद्र में बैठी भाजपा सरकार मनरेगा जैसी योजनाओं को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि 125 दिनों मे भुगतान की बात कर मजदूरों को भ्रमित किया जा रहा है, जबकि यहां व्यवस्था मजदूरों के हक पर सीधा प्रहार है और उनके पेट पर लात मारना जैसा है। कमलेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आज मजदूर,किसान व गरीब प्रभावित है। उन्होंने आगे कहा कि इन तीन दिनों की पदयात्रा में विश्रामपुरी बाड़ागांव, लिहागांव व कोरगांव मण्डल मे नुक्कड़ सभा के माध्यम से जनता को संबोधित किया।

### ये रहे उपस्थित

इस पदयात्रा के दौरान हिरालाल नेताम, राधेलाल बघेल, मंडल अध्यक्ष छबिलाल वट्टी, बंशीलाल मंडावी, बालमुकुंद नागेश उपसरपंच कोसमी, रोशन ठाकुर, ग्रामीण रामायण सिंह मंडल अध्यक्ष, विनोद नाग, अर्जुन सिंह नेताम, शीतल नाग कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शिल्पी तातीराम को कलाकृतियों से पुत्र-पुत्री ने दी श्रद्धांजलि



**कोण्डागांव।** विश्वविख्यात, सिद्धहस्त राज्य पुरस्कार विजेता लौह हस्तशिल्पी स्वर्गीय तातीराम विश्वकर्मा को उनके पुत्र–पुत्रियां पारंपरिक कलाकृतियों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। कनिष्ठ पुत्र अनिल विश्वकर्मा पारंपरिक लौह हस्तशिल्प से तथा पुत्री हेमलता विश्वकर्मा परंपरागत लौकी हस्तशिल्प से अपने पिता के जीवन, संघर्ष और कला–यात्र को मूर्त रूप दे रही हैं। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे तातीराम विश्वकर्मा का दिसंबर 2025 में ग्राम किड़ईछेपड़ा में निधन हो गया था। वे कोंडागांव की पारंपरिक लौह हस्तशिल्प परंपरा के प्रमुख स्तंभ माने जाते थे। तातीराम विश्वकर्मा की प्रेरणा से धर्मपत्नी पुत्र–पुत्रियां पुत्रवधू नाती–पोते सभी पारंपरिक लौह एवं लौकी हस्तशिल्प में दक्ष बने। ज्येष्ठ पुत्र सुनील विश्वकर्मा राज्य पुरस्कार विजेता हैं, जबकि कनिष्ठ पुत्र अनिल विश्वकर्मा जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता रह चुके हैं। परिवार के सभी सदस्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ ऐसी कलाकृतियां गढ़ रहे हैं, जो न केवल एक शिल्पगुरु को श्रद्धांजलि हैं, बल्कि कोंडागांव की पारंपरिक हस्तशिल्प विरासत को जीवित रखने का संकल्प भी हैं।

## खबर संक्षेप

### मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री केदार होंगे मुख्य अतिथि



**बीजापुर।** जिला मुख्यालय में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के वन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में ध्वज फहराएंगे। कलेक्टर संबित मिश्रा ने बताया कि समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा आयोजन को भव्य और गरिमामय बनाने हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की हुई पूजा-अर्चना



**गीदम।** ऋतुराज बसंत के आगमन पर गीदम में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना बड़े धूमधाम से की गई। नगर के सभी शिक्षण संस्थाओं में सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। सुबह से ही छोटे-बड़े सभी लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर स्कूल की ओर जा रहे थे, जैसे ऋतुराज अपने पूरे शबाब पर हो। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में भी विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में ही कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबसे पहले विधिविधान से पूजा-अर्चना कर मां से विद्या, बुद्धि और ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रार्थना की गई। 21 कुण्डीय हवन यज्ञ कर आहूति डाली गई। कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चों ने भजन गाकर माहौल को भक्ति मय बना दिया। विद्यार्थियों ने माता को कॉपी, पुस्तक, पेन और पीले वस्त्र अर्पित कर माता से आशीर्वाद मांगा।

### सशिमं में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मना



**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर दंतेवाड़ा मे बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हवन पूजन किया गया और नन्हे विद्यार्थियों का विद्या आरम्भ संस्कार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पालक बंधुओं ने भी सक्रिय रूप से अपना योगदान दिया। बसन्त पंचमी पर माँ सरस्वती की विशेष पूजा होती है। विद्यालय के प्राचार्य बलराम यादव ने बच्चों को बताया कि इस दिन माँ सरस्वती ने जन्म लिया था। माँ सरस्वती ज्ञान कला और संगीत की देवी मानी जाती है। बसंत ऋतु के आगमन से वातावरण में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# गणतंत्र दिवस समारोह का हुआ फाइनल रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ जवानों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक मार्चपास्ट में लिया हिस्सा

जिला मुख्यालय के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खेल मैदान में 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को हुई। जिसमें जवानों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक मार्चपास्ट में भाग लिया। इस दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और वहीं मार्चपास्ट प्रस्तुत करने वाले परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इसके अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों सहित छत्तीसगढ़ी गीत पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान कलेक्टर ने मुख्य समारोह हेतु की जा रही तैयारियों का भी जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये। इस मौके अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के.बर्मन सहित जिला प्रशासन के अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे। गौरतलब है कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। इस मुख्य समारोह में स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में सीआरपीएफ, 9 वीं बटालियन, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, नगर सैनिक, सीनियर एवं जूनियर डिवीजन एनसीसी,स्काउट व गाइड के दल आस्था विद्या मंदिर जावंगा की बैंड पार्टी के देशभक्ति धुनों पर कदम से कदम मिलाते हुए आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन करंगे।





## पैदल यात्रा कर ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

# उलनार से उठा ग्रामीण अधिकारों की रक्षा का संकल्प : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

भारत गांवों में बसता है महात्मा गांधी का यह कथन सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि भारत की जमीनी सच्चाई है। इसी विचारधारा को आत्मसात करते हुए ग्राम पंचायत उलनार में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आयोजन किया गया। जिसमें विधायक लखेश्वर बघेल के आगमन पर चार मंडलों के लोग बड़ी संख्या

■ विधायक के नेतृत्व में चार मंडलों की रही भागीदारी

में एकत्रित हुए और कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य चौक से हुई जहां से पैदल यात्रा निकालकर ग्रामीणों को मनरेगा योजना के महत्व, उसके अधिकारों और वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बस्तर ग्रामीण जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर जयकारों के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इस दौरान बकावंड ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम बिसाई, जगमोहन बघेल, आयतु राम भारती, जानकी राम भारती, छविश्याम तिवारी, वीरेंद्र सेठिया, मोहन झाली, निर्मला कश्यप, मधुसूदन नेताम, पूरन कश्यप, हेमंत कश्यप, राजेश कुमार,ग प्तेश्वर, कमलु राम, दुर्जन पटेल, शंकर भारती, पुरसती कश्यप, रामसिंह कश्यप, संतराम एवं समस्त कार्यकर्ता व ग्रामवासी माता बहनें उपस्थित रहे।



### मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

इस अवसर पर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण भारत की जीवनरेखा है। और यह सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि करोड़ों गरीब और ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार और सम्मान का संवैधानिक अधिकार है उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार योजनाबद्ध तरीके से मनरेगा को कमजोर करने की साजिश कर रही है, जिसे कांग्रेस किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा बापू के देश में गरीबों और मजदूरों के साथ यह छल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मनरेगा को कमजोर करना ग्रामीण भारत को कमजोर करने के समान है।

### राम के नाम पर भ्रम फैलाने का आरोप

बस्तर ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार भगवान राम के नाम पर जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि तथाकथित वीबी जी राम का पूरा नाम विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) है, लेकिन इसे जानबूझकर राम के नाम से प्रचारित कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। कांग्रेस नेता हेमराज बघेल ने कहा कि यदि मनरेगा में कोई कमी है तो उसे सुधारा जाना चाहिए, न कि योजना को ही समाप्त किया जाए मनरेगा मजदूरों के हित में बनी देश की सबसे प्रभावी योजना रही है और इसे खत्म करना गरीबों व ग्रामीण मजदूरों के साथ सीधा अन्याय है। कांग्रेस नेता मानसिंह कवासी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के नाम और स्वरूप दोनों को बिगाड़ दिया है । उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने इस योजना पर बुलडोजर चला दिया है, जबकि यही योजना देश के करोड़ों ग्रामीण परिवारों की रोजी-रोटी का सहारा है।

# एएमएनएस के सहयोग से बंगाली कैंप तालाब का होगा सौंदर्यीकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

किरंदुल नगर के बंगाली कैंप में स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग नगर वासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। यह क्षेत्र का एकमात्र बड़ा सार्वजनिक तालाब है, जहां प्रतिवर्ष भगवान गणेश एवं मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। इसके अलावा मुंडन संस्कार सहित अनेक सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम भी इसी तालाब परिसर में संपन्न होते हैं।

नगरवासियों की इस महत्वपूर्ण मांग को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने एएमएनएस के महाप्रबंधक राघवेलू एवं प्रोजेक्ट हेड कल्याण से मुलाकात कर तालाब के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की। चर्चा के उपरांत एएमएनएस प्रबंधन द्वारा बंगाली कैंप तालाब के सौंदर्यकरण कार्य हेतु सहमति प्रदान की गई। इसी क्रम में 23 जनवरी को विधायक चैतराम अटामी नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह, वार्ड पार्षद देवकी ठाकुर, ए.एम.एन.एस. के महाप्रबंधक, तेज प्रकाश सहित अन्य अधिकारियों ने तालाब स्थल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तालाब के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ प्रकाश व्यवस्था एवं बैठने की सुविधा विकसित किए जाने की जानकारी दी गई।

निरीक्षण के उपरांत विधायक ने कहा कि बंगाली कैंप स्थित तालाब का सौंदर्यकरण कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि विधायक निधि से तालाब के समीप स्थित हनुमान मंदिर के पास बोरिंग की व्यवस्था की जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को पेयजल सुविधा मिल सकेगी।

इस महत्वपूर्ण पहल पर वार्ड पार्षद देवकी ठाकुर ने विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष एवं एएम एनएस प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मिनी स्टेडियम में हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में गणतंत्र दिवस के गरिमामय आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इसी क्रम में शनिवार को मुख्य समारोह स्थल मिनी स्टेडियम, बीजापुर में गणतंत्र दिवस का अंतिम रिहर्सल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अंतिम रिहर्सल में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक किया गया। रिहर्सल के दौरान सीआरपीएफ, सशस्त्र बल, नगर सेना पुरुष एवं महिला, जिला बल पुरुष एवं महिला, एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट-गाइड की कुल 10 टुकड़ियों द्वारा परेड की सलामी दी गई।

रिहर्सल में मुख्य अतिथि के आगमन से लेकर ध्वज फहराने, परेड निरीक्षण, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, गुब्बारा विमोचन, हर्ष फायर, मार्च पास्ट, शहीद जवानों के परिजनों का सम्मान, परेड कमांडरों के साथ फोटो सेशन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शन तथा पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र वितरण सहित समस्त गतिविधियों का सफल अभ्यास किया गया।

### क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ



**बस्तर।** डीडीएस जगदलपुर वैज्ञानिक-सी, वैज्ञानिक-बी, वरिष्ठ तकनीकी सहायक और तकनीशियन के उपस्थित में डीडीएस जगदलपुर ने किसानों के लिए गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए सीएसबी के प्रति आभार व्यक्त किया। वैज्ञानिक-सी और वैज्ञानिक-बी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता के लिए सीएसबी-बीएसएमटीसी बस्तर और डिपार्टमेंट ऑफ सेरीकल्चर छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों के सहयोग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। वैज्ञानिकों ने आशा व्यक्त की कि यह प्रशिक्षण प्रशिक्षुओं को तसर रेशम कीट पालन और ग्रेनेज गतिविधियों में मदद करेगा और तसर उत्पादन में सुधार करेगा। सीएसबी-बीएसएमटीसी बस्तर की टीम निदेशक सीएसबी-बीटीएसएसओ बिलासपुर और उनकी टीम के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करती है, साथ ही डिपार्टमेंट ऑफ सेरीकल्चर छत्तीसगढ़ के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करती है।

# तुंगल बांध की नैसर्गिक सुंदरता के बीच सजी परीक्षा पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिला प्रशासन ने शिक्षा और छात्रों के प्रोत्साहन की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए तुंगल बांध के रमणीय वातावरण में परीक्षा पर विशेष चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। चारदीवारी से दूर प्रकृति की गोद में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 10वीं और 12वीं की छमाही परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना और आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर कलेक्टर अमित कुमार ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें जीवन और परीक्षा में सफलता के गुर सिखाए। कार्यक्रम की शुरुआत बेहद उत्साहजनक रही, जहाँ विद्यार्थियों ने तुंगल बांध की प्राकृतिक छटा के बीच नौका विहार का आनंद लिया और कलेक्टर अमित कुमार के साथ सामूहिक भोज में हिस्सा लिया। इस अनौपचारिक और आत्मीय माहौल ने विद्यार्थियों की झिझक को दूर कर दिया, जिससे उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने विचार और जिज्ञासाएं साझा कीं। संवाद के दौरान कलेक्टर अमित कुमार ने छात्रों को मूल मंत्र देते हुए कहा कि शिक्षा की नींव जितनी मजबूत होगी, भविष्य में उतनी ही ऊँची छलांग लगाने के अवसर मिलेंगे।



# खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम विकासखंड के ग्राम पंचायत कारली में 11 दिवसीय कारली प्रिमियर लीग सीजन–2 क्रिकेट प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण और गरिमामय समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की 22 टीमों ने सहभागिता कर खेल भावना, अनुशासन और प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कारली बनाम पूरनतराई टीम के बीच खेला गया, जिसमें रोमांच से भरपूर मैच में कारली की टीम ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया, जबकि पूरनतराई टीम उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा रहीं। अपने उद्बोधन में सुलोचना कर्मा ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर उनका सम्मान किया, जिससे खिलाड़ियों में नया जोश और आत्मविश्वास देखने को मिला। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि गीदम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल कर्मा, मंगल यादव, जनपद सदस्य गीता यादव, सरपंच सावित्री कश्यप सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, खेल प्रेमी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय शिक्षण उत्सव में मॉर्निंग असेंबली पर पैनल चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

जिला प्रशासन एवं ओपन लिंक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय शिक्षण उत्सव का आयोजन बिनाका हेरिटेज जगदलपुर में किया गया। जिसका उद्देश्य जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों, संकुल समन्वयकों, शिक्षा अधिकारियों के योगदान को सम्मानित करना रहा ।

कार्यक्रम के दौरान मॉर्निंग असेंबली विषय पर पैनल चर्चा में मंच पर उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी बी आर बघेल ने बताया कि बच्चों से मातृभाषा में चर्चा करने से बच्चे सहज महसूस करते है और एनईपी 2020 में प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को स्थानीय बोली, भाषा सीखने को महत्वपूर्ण बताया।

खंड शिक्षा अधिकारी ब्लॉक बस्तर भारती देवांगन ने बताया कि इसमें एसएमसी व समुदाय की भूमिका को भी शामिल कर प्रार्थना सभा को और रोचक बनाया जा सकता है। संकुल समन्वयक अमित अवस्थी ने प्रार्थना सभा से बच्चों को मिलने वाले सकारात्मकता, संचार कौशल, अनुशासन पर प्रकाश डाले। शिक्षक डोमेंद्र कुमार गंगबेर ने बताया कि प्रार्थना सभा में दैनिक जीवन की पुरानी वस्तुओं जो कि विलुप्त के कगार पर है के बारे में बच्चों को जानकारी देकर उनकी संस्कृति से जोड़ा जा सकता है।

# वन्देमातरम गीत को अमल में लाने जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

241 बस्तरिया बटालियन सीआरपीएफ सेड़वा द्वारा वन्देमातरम राष्ट्रीय गीत को अमल में लाने हेतु जागरूकता अभियान निकाला। महानिदेशालय केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर 19 से 26 जनवरी तक वन्देमातरम राष्ट्रीय गीत को अमल मे लाने हेतु जागरूकता अभियान के माध्यम से जवानों, आम नागरिकों एवं बच्चों में राष्ट्रीय प्रेम की भावना को प्रेरित किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में 241 बस्तरिया बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा शुक्रवार को वन्देमातरम गीत को जवानों, अधिकारियों एवं स्कूली बच्चों के साथ गाकर मनाया गया। इस अवसर पर वंदे मातरम को आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प का मूल मंत्र एवं इस उत्सव का उद्देश्य स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख प्रतीक के माध्यम से राष्ट्रीय गौरव एवं एकता को सुदृढ़ करना है। भारत सरकार ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के रचे जाने के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक राष्ट्रव्यापी समारोह की शुरुआत की है, इस अवसर पर हरविंदर सिंह कमांडेंट 241 बटालियन द्वारा सभी जवानों अधीनस्थ अधिकारियों राजपत्रित अधिकारियों एवं स्कूल के बच्चों को संबोधित करते कहा की वन्देमातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि राष्ट्र की आत्मा और गौरव का प्रतीक हैं। बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा 7 नवंबर 1875 को रचित यह राष्ट्रगीत आज भी प्रत्येक भारतीय को गर्व और प्रेरणा से भर देता है। राष्ट्रगीत के बारे में जानकारी दी गई एवं बच्चों को मिठाई वितरित की गई। इसलिए अवसर पर संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी निरंजन कुमार निराला, उप कमांडेंट विनोद कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट उपस्थित रहें।



# भाजपा पदाधिकारियों ने नेताजी को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सांस्कृतिक भवन के समीप स्थित मां भारती के अमर वीर सपूत और आजाद हिंद फौज के संस्थापक व स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। उनका अदम्य साहस, देशभक्ति और तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा का उद्घोष आज भी हर भारतीय के हृदय में राष्ट्रप्रेम की ज्योति प्रज्वलित करता है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता व भाजयुमो जिलाध्यक्ष राहुल असरानी ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम सोनी, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता, विशाल जैन, मंडल महामंत्री अजय अवस्थी, भाजयुमो जिला महामंत्री कृष्णकांत शिवहरे, राजेश गुप्ता, पार्षद अवधेश गुप्ता, खिलावन सागर, कृष्णा नाग, शैलेंद्र सिंह, गौरव भवानी, रणजीत नाग, निलंदु अधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।



### बड़े मोरठपाल स्कूल में मनाई गई बसंत पंचमी व पराक्रम दिवस

**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े मोरठपाल में बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती 'पराक्रम दिवस' के अवसर पर शिक्षाप्रद और सांस्कृतिक वातावरण में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में माँ सरस्वती की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजन ने विद्यार्थियों में ज्ञान, संस्कार और राष्ट्रभक्ति के भाव को सशक्त रूप से उभारा। नेताजी के विचारों और बलिदान को समर्पित नारों व प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने साहस, त्याग और आत्मबल का संदेश दिया।



**खबर संक्षेप**

## बसंत पंचमी की गोष्ठी किया कविता पाठ



**चारामा।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर चारामा में राष्ट्रीय कवि संगम की अनुषांगिक समिति मंजरी साहित्य सृजन समिति द्वारा स्वामी आत्मानंद विद्यालय चारामा में बसंत पंचमी पर्व मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर एवं उपस्थित रचनाकारों के द्वारा साहित्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में मंजरी साहित्य सृजन समिति चारामा के संरक्षक कृष्ण कुमार गंजीर, खंड शिक्षा अधिकारी चारामा, विशेष अतिथि के रूप में जनक सिन्हा, कवि शंभू नाग, गीतकार कैलाश, राव कृदत्त, अग्रहित निषाद, मिथलेश कर शर्मा, अखिलेश अरकरा, सुभाष जगदलपुरिया, लीकेश, विकास, दुलेश्वरी साहू एवं छात्राओं द्वारा मां सरस्वती का संगीतमय प्रार्थना आरती गाया गया। कार्यक्रम का संयोजन संपादन मंजरी साहित्य सृजन समिति के संयोजक तरुण देवदास द्वारा तथा काव्य पाठ संचालन युवा कवि लिकेश द्वारा किया गया।

## महिला खोखो प्रतियोगिता आज कालेज मैदान पर

**भानुप्रतापपुर।** उत्तर बस्तर सेक्टर स्तरीय खो-खो (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन 25 जनवरी रविवार को महाविद्यालय के खेल मैदान में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः 11 बजे होगा जबकि समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह सायं 4 बजे महाविद्यालय में होगा। शुभारंभ की मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी, विधायक, अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह, विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष रलेश सिंह रहेंगे। समापन के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर रहेंगे।इस प्रतियोगिता में नारायणपुर, कोंडागांव एवं कांकेर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की महिला खिलाड़ी टीमें सहभागिता कर रही हैं।

## बारदेवरी 29 जनवरी को वार्षिक देव मेला

**बारदेवरी।** बारदेवरी का वार्षिक देव मेला 29 जनवरी दिन गुरुवार का होगा। इस मेले को ग्राम बारदेवरी के अलावा ग्राम कन्हारपुरी, किरगोली, खमडोड़गी में भी मानते हैं। कन्हारपुरी में रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी मोर गांव के भुईया ओड़ीसा जिला नयापारा माउलीभाटा का कार्यक्रम आयोजित है।

## नौका दौड़ में सात साल के थलेस ने दिखाएगा जौहर

**जगदलपुर।** दलपत सागर में आयोजित होने वाले दलपत दीपोत्सव के अवसर पर 7 वर्ष की उम्र में कयाकिंग एंड कैनोइंग (नौका दौड़) में प्रशिक्षणरत नन्हा खिलाड़ी थलेश अपनी दक्षता के दम पर प्रदर्शन करेगा। कल 25 जनवरी को शाम 5 बजे, दलपत दीपोत्सव के मंच से वह 200 मीटर कयाकिंग स्पर्धा में रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेगा।

**निधन**

## महेश हिडको



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल निवासी महेश हिडको का आकस्मिक निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम दुर्गुकोदल में किया गया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# यातायात पुलिस ने वाहनों पर लगाए रेडियम स्टिकर एवं किया जागरूक

## दुपहिया, चारपहिया, मालवाहक और परिवहन वाहनों पर रेडियम स्टिकर लगाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

रात की सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने और वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कांकेर यातायात पुलिस ने यातायात माह अभियान के तहत एक सराहनीय और व्यावहारिक पहल की है। जिले में जागरूकता को केंद्र में रखते हुए चलाए जा रहे इस अभियान के तहत पुलिस ने ऊपर-नीचे रोड के पास विशेष रूप से छोटे और बड़े वाहनों पर रेडियम स्टिकर लगाकर सड़क सुरक्षा का मजबूत संदेश दिया। जिले में यातायात माह के अंतर्गत कांकेर यातायात पुलिस द्वारा लगातार जनजागरूकता और सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में यातायात पुलिस की टीम ने ऊपर-नीचे रोड क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर दोपहिया, चारपहिया, मालवाहक और सार्वजनिक परिवहन वाहनों पर रेडियम स्टिकर लगाए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य रात के समय, धुंध या कम रोशनी में वाहनों की दृश्यता बढ़ाना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके। यातायात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अक्सर अंधेरे में या खराब दृश्यता के कारण सामने या पीछे से आने वाले वाहनों को समय पर देख पाना मुश्किल हो जाता है। इससे टक्कर की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में रेडियम स्टिकर वाहन की बॉडी पर प्रकाश पड़ते ही चमकने लगते हैं, जिससे दूर से ही वाहन की उपस्थिति का संकेत मिल जाता है। इससे अन्य वाहन चालक सतर्क रहते हैं और सुरक्षित दूरी बनाकर वाहन चला पाते हैं।

### हेलमेट पर दिया जोर

अभियान के दौरान मोटरसाइकिल, मोपेड, ऑटो, ई-रिक्शा, पिकअप, मालवाहक वाहनों सहित निजी और व्यावसायिक वाहनों पर रेडियम स्टिकर लगाए गए। इसके साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी गई।



### कार्रवाई नहीं, लोगों को जागरूक करना उद्देश्य

यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह अभियान किसी प्रकार की कार्रवाई के लिए नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की कि वे अपने वाहनों में स्वयं भी रिफ्लेक्टर और रेडियम टेप लगवाएं, जिससे उनकी और अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। यह पहल न केवल दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में अहम कदम है, बल्कि आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति सजग करने का भी प्रभावी माध्यम बन रही है।

## दिवस : स्कूली विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों मनमोहक प्रस्तुति

# गणतंत्र दिवस समारोह के अंतिम अभ्यास में जवानों ने दी राष्ट्रध्वज तिरंगे को सलामी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह सोमवार 26 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इसके सफल आयोजन को लेकर 24 जनवरी की सुबह नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और एसपी निखिल राखेचा की उपस्थिति में अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बने जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी ने राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराकर सलामी दी।

- समारोह में हॉर्स राइडिंग के हैरतअंगेज करतबों ने किया हतप्रभ

नरहरदेव मैदान में 24 जनवरी की सुबह 9 बजे राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम अभ्यास प्रारंभ हुआ। ध्वजारोहण पश्चात मुख्य मंच पर मुख्य अतिथि ने राष्ट्रध्वज तिरंगा को फहराकर सलामी दी, इसके साथ ही राष्ट्रगान की धुन का वादन किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि के द्वारा परेड ग्राउंड का निरीक्षण जिप्सी में सवार होकर किया गया। इस दौरान कलेक्टर और एसपी भी उनके साथ मौजूद थे। तत्पश्चात जिला पुलिस बल, जिला सेनानी, बस्तर फाइटर, फॉरेस्ट गॉर्ड्स के जवानों और एनसीसी और स्काउट गाइड कैडेट्स की टोलियों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया गया। मार्चपास्ट के बाद मुख्य अतिथि बने जिला पंचायत सीईओ ने दल प्रमुखों से परिचय प्राप्त किया। पश्चात विभिन्न विद्यालयों के स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा सामूहिक व्यायाम एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर एसडीएम अरूण वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और शिक्षकगण उपस्थित रहे।





उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिला स्तरीय समारोह में कांकेर लोक सभा क्षेत्र के सांसद द्वारा मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्र ध्वज फहराया जाएगा, जिसके सभी प्रायोजित कार्यक्रमों का आज मिनट टू मिनट अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री का आमजनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद विभिन्न शहीद परिवारों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के उपरांत विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां भी निकाली जाएंगी। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### हॉर्स राईडिंग के हैरत अंगेज करतब

स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम के पश्चात घुड़सवारी प्रशिक्षण केन्द्र सिंगारभाट के युवाओं द्वारा हॉर्स राईडिंग का हैरतअंगेज करतब दिखाया गया, जिसमें स्टैंडिंग सैल्युट, स्टैण्ड लॉस टैगपेडिंग, मटकी कटींग, ट्रीपल टैड पैकिंग, फुटरोल टैड पैकिंग, बकेट पैकिंग, ग्रुप टैड पैकिंग, इंडियन फाईल, जंपिंग और इंडियन झण्डा इत्यादि का प्रदर्शन किया गया।

# व्यापारी का बैंक खाता होल्ड, एसपी ने दिया त्वरित कार्रवाई का भरोसा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

स्थानीय व्यापारिक संस्थान शेखानी मशीनरी के संचालक मो. हनीफ के बैंक खाते को लेकर पिछले तीन महीनों से चल रही परेशानी अब जल्द दूर होने वाली है। जिला पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के हस्तक्षेप के बाद इस मामले में सकारात्मक मोड़ आया है।

कांकेर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में संचालित शेखानी मशीनरी के खाते को करीब तीन महीने पहले अचानक होल्ड कर दिया गया था। बैंक से जानकारी लेने पर पता चला कि किसी ग्राहक द्वारा जमा किए गए मात्र 180 और 240 रुपए की राशि को संदिग्ध माना गया है। सुल्तानपुर (उत्तर प्रदेश) क्राइम ब्रांच की शिकायत पर बैंक ने पूरे खाते के लेनदेन पर रोक लगा दी थी। लिखित आवेदन और बार-बार बैंक के चक्कर काटने के बाद भी जब समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो पीड़ित व्यापारी ने कांकेर कैट के पदाधिकारियों से मदद मांगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भारत सरकार के राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। कैट के एक प्रतिनिधिमंडल ने कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा से मुलाकात कर उन्हें पूरी घटना की जानकारी दी।

### एसपी ने दिया आश्वासन, यूपी पुलिस को भेजा जाएगा मेल

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए व्यापारी को आश्वस्त किया कि वे स्वयं इस विषय पर यूपी पुलिस से संपर्क करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस को मेल भेजकर खाता खोलने की प्रक्रिया अतिशीघ्र सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस के इस त्वरित और सहयोगात्मक रवैये पर कांकेर कैट के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया है।



## अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर किया मानसपाठ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना

अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के पावन अवसर पर ग्राम मुड़पार के नंदी चौक में एक दिवसीय रामचरितमानस गान का भव्य एवं श्रद्धामय आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भगवान श्रीराम के प्रति अपनी आस्था और भक्ति प्रकट की।

कार्यक्रम का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया, जिसमें मुड़पार बड़े पारा एवं नर्सरी पारा के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन की सफलता के लिए ग्रामीणों ने तन, मन और धन से सहयोग प्रदान किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक हो गया। मानस मंच पर राधा कृष्ण मानस मंडली द्वारा रामचरितमानस का सुमधुर गान प्रस्तुत किया गया। विशेष रूप से शबरी की कथा का सजीव और भावपूर्ण वर्णन कथावाचक द्वारा किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के माध्यम से भक्ति, समर्पण और निष्काम प्रेम का संदेश दिया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में भजन-कीर्तन और राम नाम की गूंज सुनाई देती रही। श्रद्धालुओं ने आयोजन को धार्मिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक बताया। आयोजन स्थल पर अनुशासन, व्यवस्था और आपसी सहयोग का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। इस अवसर पर राजकुमार कश्यप, उप सरपंच यशवंत सुरोजिया, दिनेश कुमार मरकाम, कार्तिक निषाद, संजय कश्यप, दिनेश यादव, महेश मरकाम सहित ग्राम के वरिष्ठजन एवं समस्त युवा वर्ग का विशेष सहयोग रहा। सभी के संयुक्त प्रयास से यह धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक हुआ।

## मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर बच्चों को दिया विद्यारंभ संस्कार



**भानुप्रतापपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी पर विद्या की देवी माता सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना और हवन-पूजन किया। पं अविनाश महाराज के द्वारा हवन कराया गया एवं बच्चों का विद्यारंभ संस्कार भी कराया गया। इस दौरान छोटे बच्चों को जो अभिभावकों के साथ पहुँचे थे उन्हें महाराज के द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर स्लेट में ॐ लिखाकर विद्यारंभ संस्कार कराया गया। बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया, जिसमें बच्चों ने नृत्य, गीत की प्रस्तुति दी। सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुमंत सिन्हा, उपाध्यक्ष नरेश जैन ने बताया बसंत पंचमी पर बच्चों को यहां विद्यारंभ संस्कार कराया गया। ऐसे बच्चों का आज से ही शिक्षा देना शुरू कर दे और बच्चों को शिक्षित करने के साथ संस्कार वान भी बनाए। सरस्वती शिशु मंदिर ऐसा स्कूल है यहां केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि अपनी संस्कृति, संस्कार और देशभक्ति भी बच्चों को गढ़ने का काम कर रहे है। महिला अभिभावकों के द्वारा भजन की भी प्रस्तुति दी गई। मौके पर अभिभावक, स्कूली बच्चे आदि शामिल हुए। बसंत पंचमी के मौके पर स्कूल के बच्चों के द्वारा आनंद मेला लगाया गया। प्राचार्य थानुराम सिन्हा ने बताया इसमें बच्चों ने अलग अलग 40 स्टाल लगाकर विभिन्न सामग्री भेलपूरी, हलवा, गुपचुप, इडली, रसगुल्ला, भजिया, मोमोस, चायनीज़ पकोड़ा आदि बनाया था। मेला में आए अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों के आनंद लिया। इसके माध्यम से आय-व्यय, जोड़ घटाना के साथ व्यापारिक गुण की जानकारी भी सीखी।

## बीमारी के समय संगठन ने दिया मानवता का परिचय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना



भारतीय जनता पार्टी परिवार ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि संगठन केवल राजनीतिक मंच नहीं, बल्कि सुख-दुख में साथ खड़ा रहने वाला परिवार भी है। मंडल नरहरपुर के अध्यक्ष संतोष भास्कर के गंभीर बीमारी से पीड़ित होने की जानकारी मिलते ही संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उपचार के लिए हर संभव सहयोग का प्रयास प्रारंभ कर दिया।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम एवं सरोना मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा के सहयोग से संतोष भास्कर के बेहतर और समुचित उपचार के लिए प्रदेश के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से आत्मीय भेंट की गई। इस भेंट के दौरान मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का आग्रह किया गया, जिसे डॉ. रमन सिंह ने मानवीय संवेदना के साथ सहर्ष स्वीकार किया। डॉ. रमन सिंह ने पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से सुनते हुए यह आश्वासन दिया कि मंडल अध्यक्ष के इलाज में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। उनके इस संवेदनशील और त्वरित निर्णय ने यह साबित कर दिया कि जनसेवा उनके व्यक्तित्व का मूल आधार है। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब संगठन परिवार की तरह एक-दूसरे के साथ खड़ा होता है, तब सबसे कठिन परिस्थितियां भी उम्मीद में बदल जाती हैं। संतोष भास्कर के प्रति पूरे मंडल और क्षेत्र में गहरी आत्मीयता और चिंता का भाव देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि संतोष भास्कर शीघ्र स्वस्थ होकर पुनः संगठन को अपना सक्रिय नेतृत्व प्रदान करें।

## सरस्वती पूजा के बाद आत्मानंद की छात्राओं को मिली सायकिल



**भानुप्रतापपुर।** पीएमश्री आत्मानंद विद्यालय भानुप्रतापपुर में विद्या की देवी माँ सरस्वती का विधिवत पूजन-अर्चन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान शासन की सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत पात्र छात्राओं को सायकल का वितरण किया गया। इस पहल से छात्राओं की विद्यालय तक पहुँच आसान होने के साथ ही उनकी शिक्षा में निरंतरता को प्रोत्साहन मिलने की बात कही गई। विद्यालय प्रबंधन एवं अतिथियों ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

# चोरिया पंचायत में जारी कार्यों की जांचकर, योजना की दी जानकारी

## स्थल पर मजदूरों से की चर्चा और केंद्र की नीतियों की आलोचना की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना



मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के अंतर्गत कांग्रेस मंडल सरोना द्वारा एकजुट होकर पदयात्रा निकाली गई। चोरिया पंचायत के अंतर्गत डोंगरी पारा में चल रहे बांध निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मंडल सरोना के सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे और मौके पर पहुंचकर मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। कार्यस्थल पर मौजूद मनरेगा मजदूरों से बातचीत के दौरान यह बात सामने आई कि योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाकर नाम परिवर्तन किया गया है। मंडल समन्वयक सरजू शोरी ने मजदूरों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मनरेगा योजना की शुरुआत महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर की गई थी, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की अहम भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने और इसके स्वरूप में बदलाव करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे मजदूरों और किसानों के हित प्रभावित हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे क्षेत्र में पदयात्रा के माध्यम से मनरेगा बचाओ संग्राम चलाया जा रहा है। कार्यस्थल पर उपस्थित भौम सिंह नाग, जगदेव मंडावी और मुकेश रजक ने शासन द्वारा चलाई जा रही तथाकथित परिवर्तनकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि इन योजनाओं का वास्तविक लाभ जमीनी स्तर तक नहीं पहुंच पा रहा है। इस अवसर पर मुकेश रजक, जगदेव मंडावी, हरक नेताम, राजकुमार नाग, फैजल मेमन, विक्रांत ध्रुवा, शिवेंद्र जैन, देवानंद मरकाम, पृथ्वी लाल रामटेके, मनोज निषाद, महादेव सॉरी, सेवक गंजीर सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

